प्रशासन गावों के संग अभियान–2021

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं मजिस्ट्रेट मांगरोल जिला बारां

प्रकरण सख्या : 5/2021

रामबिलास पुत्र किशोर लाल जाति भील निवासी बलदेवपुरा तह0 मांगरोल जिला बारां

.......वादी

♠ बनाम ♠

राजस्थान सरकार जर्ये तहसीलदार मांगरोल जिला बारां (राज0)

....प्रतिवादी

वाद अन्तर्गत धारा 88, 89 आर0टी0एक्ट0

पीठासीन अधिकारी : श्री शत्रुघ्न सिंह गुर्जर (आरएएस)

वकील वादी : श्री लिहाज हुसैन अंसारी

निर्णय दिनांक : 12.10.2021

दायरा दिनांकः 11.01.2021

प्रस्तुत वाद का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी के खाते की आराजी ग्राम मूण्डला पटवार हल्का किशनपुरा तह0 मांगरोल में स्थित है जिसके खाता संख्या 101 खसरा नं0 201 रकबा 0.77 है0 है जिसमें प्रार्थी का नाम राजस्व रेकार्ड में रामनिवास वल्द किशोर कोम भील दर्ज हो रहा है। प्रार्थी के आधार कार्ड, पहचान पत्र, राशन कार्ड, भामाशाह कार्ड, बैंक डायरी में प्रार्थी का नाम रामबिलास पुत्र किशोरलाल जाति भील दर्ज है। प्रार्थी को रामबिलास व रामनिवास दोनो नाम से जाना जाता है इसलिए वादी अपना नाम राजस्व रेकार्ड में रामनिवास के स्थान पर रामबिलास दर्ज करवाने की घोषणा करवाने की अधिकारी है। अतः उक्त विवादित आराजी के राजस्व रेकार्ड में वादी का नाम रामनिवास के स्थान रामबिलास दुरूस्त किया जाकर प्रतिवादी को राजस्व रेकार्ड में अमल दरामद करने के आदेश दिये जावें।

उक्त आशय का वाद प्रस्तुत होने पर प्रकरण दिनांक 11.01.2021 को दर्ज रजिस्टर किया जाकर पत्रावली का अवलोकन किया। तहसीलदार मांगरोल को जांच रिपोर्ट हेतु लिखा गया। तहसीलदार मांगरोल ने अपने पत्र कमांक/भू0अ0/2021/7 दिनांक 11.10.2021 से रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसके अनुसार ग्राम मूण्डला में आराजी खसरा नं0 201 रकबा 0.77 है0 के समीपवर्ती कृषको से और अन्य ग्राम वासियान से पूछताछ करने पर पाया कि रामनिवास पुत्र किशोर ओर रामबिलास पुत्र किशोरलाल एक ही व्यक्ति के दो नाम है अर्थात रामनिवास पुत्र किशोर और रामबिलास पुत्र किशोर एक ही व्यक्ति है। अतः ग्राम मूण्डला की वर्तमान जमाबंदी खाता संख्या 106 खसरा नं0 201 रकबा 0.77 है0 में रामनिवास पुत्र किशोर जाति भील के स्थान पर रामनिवास उर्फ रामबिलास पुत्र किशोरलाल जाति भील दर्ज किया जाना उचित होगा।

अतः पत्रावली के अवलोकन, तहसीलदार मांगरोल (लैण्ड होल्डर) जो राज्य सरकार का पैरोकार है की रिपोर्ट एवं संलग्न दस्तावेजो आधार पर ग्राम मूण्डला की वर्तमान जमाबंदी खाता संख्या 106 खसरा नं0

उप खण्ड अधिकारी
मांगरोल जिला बारां (राज0)

नि.अ.

Scanned by CamScanner

201 रकबा 0.77 है0 की राजस्व जमाबंदी में दर्ज वादी का नाम रामनिवास पुत्र किशोर जाति भील के स्थान पर रामनिवास उर्फ रामबिलास पुत्र किशोरलाल जाति भील दुरूस्त किये जाने के आदेश दिये जाते है। यदि वादी के पुराने नाम को लेकर किसी प्रकार के कोई आपराधिक या अन्य विवाद न्यायालय जैरकार हो उसके लिए वादी स्वयं जिम्मेवार होंगा। पत्रावली फैशल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 12.10.2021 को प्रशासन गावों के संग अभियान–2021 कोर्ट केम्प किशनपुरा मजमेंआम में सुनाया गया।

(शत्रुघ्न सिंह गुर्जर)
उपखण्ड अधिकारी
मांगरोल

उप खण्ड अधिकारी
मांगरोल जिला बारां (राज०)

Scanned by CamScanner